# जल संसाधन Important Questions || Class 10 Social Science (Geography) Chapter 3

## अति लघु उत्तर वाले प्रश्न (1 अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1 विश्व में कुल जल के आयतन का मनुष्य के उपयोग के लायक कितना जल है ?**

**उत्तर:** 2.5 प्रतिशत

**प्रश्न 2 भारत का कौन सा राज्य है जहाँ छत वर्षा जल संग्रहण ढाँचों का निर्माण आवश्यक कर दिया गया है ?**

**उत्तर:** तमिलनाडु

**प्रश्न 3 स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में बहुउद्देशीय परियोजनाओं को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य क्या था ?**

**उत्तर:**

- कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास
- औद्योगीकरण में तेजी
- शहरी अर्थव्यवस्था का विकास

**प्रश्न 4 'गुल' अथवा 'कुल' क्या है ?**

**उत्तर:** पश्चिमी हिमाचल में पर्वतीय क्षेत्रों में वाहिकाओं को 'गुल' अथवा 'कुल' कहते हैं।

**प्रश्न 5 'खादीन' और 'जोहड़' क्या हैं ?**

**उत्तर:** शुष्क तथा अर्धशुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल को एकत्र करने के लिए बनाए गड्ढे।

**प्रश्न 6 भारत के ऐसे क्षेत्र का उदाहरण दें जहाँ पर्याप्त मात्रा में वर्षा होती है फिर भी जल की कमी है ?**

**उत्तर:** मेघालय की राजधानी शिलांग।

**प्रश्न 7 राजस्थान में छत वर्षा जल संग्रहण को क्या कहा जाता है ?**

**उत्तर:** टाँका

**प्रश्न 8 जल दुर्लभता के दो कारण लिखो।**

**उत्तर:**

- बढ़ती जनसंख्या की बढ़ती आवश्यकताएँ
- जल का असमान वितरण

**प्रश्न 9 टिहरी बाँध परियोजना किस राज्य में तथा किस नदी पर स्थित है ?**

**उत्तर:** उत्तराखंड में भागीरथी नदी पर

**प्रश्न 10 सलाल परियोजना किस नदी पर तथा किस राज्य में निर्मित है ?**

**उत्तर:** जम्मू व कश्मीर में चेनाव नदी पर

## लघु/दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न (3/5 अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1 वर्षा जल संग्रहण क्या है ? भारत के विभिन्न भागों में वर्षा जल संग्रहण की दो विधियाँ लिखो।**

**उत्तर:**

- एक तकनीक जिसमें वर्षा जल को खाली स्थानों, घरों में टैंक में, बेकार पड़े कुएँ में भरा जाता है। बाद में इसका प्रयोग किया जाता है।
- पर्वतीय क्षेत्रों में 'गुल' तथा 'कुल' जैसी वाहिकाओं से नदी की धारा का रास्ता बदलकर खेतों की सिचाई।
- राजस्थान में पीने का जल एकत्रित करने के लिए छत वर्षा जल संग्रहण आम तकनीक है।
- पश्चिम बंगाल में बाढ़ के दौरान बाढ़ जल वाहिकाएँ बनाते हैं।
- शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल एकत्रित करने के लिए गड्ढ़ों का निर्माण।

**प्रश्न 2 बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना क्या है ? बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना के लक्ष्य/उद्देश्य बताएँ।**

**उत्तर:** नदी पर बाँध बनाकर इससे अनेक प्रकार के उद्देश्यों को पूरा करना, बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना कहलाता है।

**उद्देश्य**

- जल विद्युत उत्पादन
- सिंचाई
- घरेलू व औद्योगिक जल आपूर्ति
- नौचालन व पर्यटन
- बाढ़ नियंत्रण
- मछली पालन

**प्रश्न 3 बेकार पड़े कुएँ का वर्षा के जल के द्वारा पुनः भरण कैसे किया जाता है ?**

**उत्तर:**

- पी.वी.सी. पाइप का प्रयोग करके छत पर वर्षा जल एकत्र किया जाता है।
- रेल व ईंट प्रयुक्त करके जल का छनन किया जाता है।

https://www.evidyarthi.in/

- भूमिगत पाइप द्वारा जल हौज तक ले जाया जाता है, जहाँ से तुरंत प्रयोग किया जाता है।
- इसी हौज से अतिरिक्त जल कुएँ तक ले जाया जाता है।
- कुएँ का जल भूमिगत जल का पुनर्भरण करता है।
- बाद में इस जल का प्रयोग पीने के अलावा अन्य कार्यों के लिए किया जा सकता है।

**प्रश्न 4 औद्योगीकरण तथा शहरीकरण किस प्रकार जलदुर्लभता के लिए उत्तरदायी हैं ?**

**उत्तर:**

- स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में तेजी से औद्योगीकरण
- उद्योगों की बढ़ती संख्या के कारण अलवणीय जल का अत्यधिक प्रयोग।
- शहर की बढ़ती आबादी तथा शहरी जीवन शैली के कारण जल ऊर्जा की आवश्यकता में तीव्र वृद्धि।
- शहरों तथा गाँवों में जल संसाधनों का अतिशोषण।

**प्रश्न 5 ‘नर्मदा बचाओ आंदोलन’ पर टिप्पणी लिखो।**

**उत्तर:**

- नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बाँध निर्माण के विरोध में था।
- आंदोलन गैर सरकारी संगठन (NGO) द्वारा संचालित
- जनजातीय लोगों, किसानों, पर्यावरणविदों व मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का सरदार सरोवर परियोजना के विरोध में लामबंद होना।
- आरंभ में यह आंदोलन जंगलों के बाँध के पानी में डूबने के मुद्दे पर केंद्रित।
- बाद में इसका लक्ष्य विस्थापितों का पुनर्वास करना हो गया।

**प्रश्न 6 एक नवीकरणीय संसाधन होते हुए भी जल के संरक्षण तथा प्रबंधन की आवश्यकता क्यों है ?**

**उत्तर:**

- विश्व में केवल 2.5 प्रतिशत ही ताजा जल है।
- जल संसधनों का अति दोहन।
- बढ़ती जनसंख्या, अधिक मांग और असमान पहुँच।
- बढ़ता शहरी करण
- औद्योगीकीकरण

**प्रश्न 7 परंपरागत वर्षा जल संग्रहण की किन पद्धतियों को आधुनिक समय में अपनाकर जल दुर्लभता की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है ?**

**उत्तर:**

- छत वर्षा जल संग्रहण
- ‘गुल’ अथवा ‘कुल’
- बाढ़ जल वाहिकाएँ
- गड्ढे बनाकर

- खादीन
- टैंक अथवा टाँका
- बाँस ड्रिप सिंचाई प्रणाली।

बाँधों से अनेक लाभ हैं। ये विकास में योगदान करते हैं इसलिए नेहरू जी ने इन्हें आधुनिक भारत के मंदिर कहा था।

**प्रश्न 8 जवाहर लाल नेहरू ने 'बाँधों को आधुनिक भारत के मंदिर' क्यों कहा है ? बाँधों से होने वाले लाभों की सूची बनाइए।**

**उत्तर: बाँधों से लाभ :**

- सिंचाई
- विद्युत उत्पादन
- घरेलू तथा औद्योगिक आवश्यकता हेतु जल आपूर्ति
- बाढ़ नियंत्रण
- मनोरंजन तथा पर्यटन
- मत्स्य पालन।

**प्रश्न 9 हमारे देश में जल का अभाव दिन प्रतिदिन क्यों बढ़ता जा रहा है ? कारणों की सूची तैयार करें।**

**उत्तर:**

- भारत मानसूनी जलवायु का देश। कई बार मानसून असफल होने से जल की कमी बढ़ रही है।
- सिंचाई के जल की मांग में तीव्र वृद्धि।
- औद्योगिक क्रियाओं के कारण भूमिगत जल स्तर का गिरना।
- शहरीकरण की गति में वृद्धि के कारण जल संसाधनों पर बढ़ता दबाव।
- बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के कारण।

**प्रश्न 10. "कहा जाता है कि यदि तीसरा महायुद्ध हुआ तो पानी की कमी के करण होगा।" इस संदर्भ में जलाभाव/जलदुर्लभता के प्रमुख कारण लिखिए।**

**अथवा**

**इस बात को ध्यान में रखते हुए दुनिया में जल की कमी के लिए उत्तरदायी करणों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर:**

- वनोन्मूलन
- महानगर
- बढ़ती जनसंख्या
- बढ़ता शहरीकरण
- औद्योगीकरण
- कृषि में उपयोग

https://www.evidyarthi.in/

- जल का दुरूपयोग (अति उपयोग)
- प्रदूषण
- भू-जल का गिरता स्तर
- मानसून की अनिश्चितता, पीने योग्य न्यून जल, जलाभाव, जल का असमान वितरण। केपटाउन (अफ्रीका) का उदाहरण चूंकि जल जीवन की एक परम आवश्यकता है।

**प्रश्न 11. हाल के वर्षों में बड़े बाँधों के विरोध के प्रमुख कारण बताइए।**

**उत्तर:**

- अति मृदा जमाव
- जल भराव
- मृदा अपरदन
- अचानक बाढ़ आना
- बड़े पैमाने पर वनोन्मूलन
- वन्य जीवों/प्रजातियों का लुप्त होना।
- समुदायों का प्रवसन
- जन जातियों का जीविकोपार्जन समाप्त होना
- अति वर्षा में बांधों से पानी का छोड़ना स्थिति को अधिक बिगाड़ देता है।
- बांधों से भूकंप, जल प्रदत्त रोग और प्रदूषण जैसी स्थितियाँ भी पैदा होती हैं। क्योंकि जल का अत्याधिक उपयोग होता है।